तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 04 अप्रैल 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 जल जीवन मिशन के तहत 233 घरों तक पहुंचा ...





12 परिवर्तन पैनल को जिला दवा विक्रेता संघ का पूर्ण समर्थन




## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** चंडी मंदिर दर्शन करने गया एक युवक बाइक की टक्कर से घायल हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 25 मार्च को लक्की पुरेना अपने दोस्त भूषण डहरिया के साथ चंडी मंदिर दर्शन करने के लिए गया था। स्वागत द्वार के पास पहुंचने पर मंदिर की ओर आ रही मोटर सायकल सीजी-06-सीवी-2209 के चालक ने उनके बाइक को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में लक्की के सिर, नाक, और मुंह में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ओवरब्रिज के पास इमली पेड़ के नीचे इंदिरा कॉलोनी बसना में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी पुष्पा कोसरिया पति स्व पीतांबर कोसरिया (32 साल) निवासी इंदिरा कॉलोनी के कब्जे से 20 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पेट्रोल पंप में युवती से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पेट्रोल पंप में काम करने वाली युवती से मारपीट के मामले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को सुनीता सिदार ने बताया कि वह मोतीलाल ओमप्रकाश पेट्रोल ग्राम बगईजोर में सेल्समैन पद पर कार्य करती है। 2 अप्रैल को पेट्रोल पंप में अपनी सहेली गोमती पटेल के साथ ड्यूटी पर थी। लगभग 12.30 बजे ग्राम बालसी का योगेश लोहानी पेट्रोल पंप में आकर उसकी सहेली से मारपीट करने लगा। जब उसने बीच बचाव किया, तब आरोपी ने गालियां और जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट, जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में कोमाखान थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को बिंद्रावन के राजाराम यादव ने बताया कि 2 अप्रैल की शाम करीबन 7 बजे अपने खेत के बोर की ओर गया था। वहां ग्राम लोंदामुडा निवासी जीवन देवांगन भी आया तब उसने उससे पूछा कि इधर क्यों आया है। इस पर आरोपी ने गाली व जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बीमा क्लेम के लालच में जेसीबी मालिक ने ही रची थी गाड़ी चोरी होने की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बीमा कंपनी से फर्जी तरीके से रकम हड़पने एक व्यक्ति ने अपनी ही जेसीबी के चोरी होने की झूठी कहानी रच डाली। सीची समझी रणनीति के तहत की गई झूठी शिकायत के मामला में शिकायतकर्ता ही मुख्य आरोपी निकला। जिले के खल्लारी धाना में दर्ज इस मामले का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए जिला मुख्यालय स्थित सुभाष नगर निवासी आरोपी गोविंद धीवर के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

बीते 31 मार्च को सुभाष नगर निवासी गोविंद धीवर ने खल्लारी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी जेसीबी क्रमांक सीजी 04 एल 3422, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपये है, ग्राम तेलीबांधा के दुलार फार्म हाउस के पास से चोरी हो गई है।

पुलिस ने उसकी शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान जब पुलिस ने गोविंद धीवर और गवाहों के बयान लिए, तो गोविंद बार-बार बयान बदलने लगा। उसके बयानों में विरोधाभास देखकर पुलिस को शक हुआ कि मामला चोरी का नहीं बल्कि, किसी गहरी साजिश का है। जब पुलिस ने कड़ाई और मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, तो गोविंद ने सारा सच उगल दिया।

## मामले में शिकायतकर्ता ही निकला मुख्य आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

### साजिश का हुआ खुलासा

पूछताछ में सामने आया कि गोविंद ने बैंक की किश्तें न चुकाने और बीमा कंपनी से क्लेम के पैसे ऐंठने के लिए यह योजना बनाई थी। उसने जनवरी में अपनी जेसीबी का बीमा कराया और फरवरी में ही उसे गुपचुप तरीके से एक व्यक्ति वंद्रकुमार चंद्रा को 3 लाख रुपये में बेच दिया। चोरी का नाटक रचने के लिए उसने अपने एक परिचित से दूसरी जेसीबी किराये पर ली और उसे फार्म हाउस के सामने खड़ा कर दिया। फिर खुद ही उस गाड़ी को वहां से हटा दिया ताकि लोगों को लगे कि गाड़ी चोरी हो गई है। इसके बाद उसने थाने जाकर अपनी पहले से बिकी हुई गाड़ी की चोरी की झूठी रिपोर्ट लिखवा दी।



### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी गोविंद धीवर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से बेची गई जेसीबी और साजिश में इस्तेमाल की गई दूसरी जेसीबी, दोनों को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी और झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की धाराओं बीएनएस 318(4), 217, 248(ए) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## राहत : जल संकट के बीच कोडार जलाशय से छोड़ा गया पानी

# 18 गांवों के तालाबों में पहुंचेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



जिले में बढ़ती गर्मी के साथ ही ग्रामीण इलाकों में जल संकट की स्थिति गंभीर होने लगी है। तापमान में वृद्धि के कारण गांवों के तालाब और पारंपरिक जलस्त्रोत तेजी से सूख रहे हैं। निस्तारी (दैनिक कार्यों) और मवेशियों के लिए पानी की बढ़ती किल्लत को देखते हुए जल संसाधन विभाग ने कोडार बांध के द्वार खोल दिए हैं। विभाग के इस निर्णय से क्षेत्र के 18 गांवों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। जल संसाधन विभाग ने आरबीसी गेट के माध्यम से नहरों में पानी छोड़ दिया है। इस पानी से भोरिंग, खैरझिटी, कौआझर, पिरदा, मालीडीह, गुड़रूडीह, परसाडीह, कुकराडीह, तेंदूवाही, गोपालपुर, गढ़सिवनी, तुमगांव, अमावस, बेलटुकरी, अछोली और अछोला सहित कुल 18 गांवों के तालाबों को भरा जाएगा। इससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के साथ-साथ पशुओं के लिए भी पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा।

### छोटे जलाशयों का सूखना बनी बड़ी चुनौती

महासमुंद जिले में लगभग 100 छोटे जलाशय हैं, जो भीषण गर्मी शुरू होते ही सूख जाते हैं। भूजल स्तर गिरने और प्राकृतिक स्रोतों के जवाब देने के कारण ग्रामीणों को हैंडपंपों और टैंकरों पर निर्भर होना पड़ता है। जल संसाधन विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय रहते बांध से पानी छोड़ने का उद्देश्य संकट को विकराल होने से रोकना है। इस पहल से उन किसानों और ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी है, जो पानी की मांग को लेकर लगातार विभाग के चक्कर काट रहे थे। अगले एक-दो दिनों में पानी लक्षित गांवों के अंतिम कोनों तक पहुंचने की संभावना है।

### बांध में जलस्तर की स्थिति

अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में कोडार बांध में लगभग 17 फीट पानी शेष है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में हुई अच्छी बारिश के कारण इस बार जलस्तर बेहतर स्थिति में है। विभाग का मानना है कि वर्तमान में उपलब्ध पानी निस्तारी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। यदि आगामी मानसून सामान्य रहता है, तो बांध के अपने पूर्ण भराव स्तर (31 फीट) तक पहुंचने की पूरी संभावना है।

### नहरों की सफाई के बाद छोड़ा गया पानी

पानी छोड़ने से पहले विभाग ने विशेष सावधानी बरती है। नहरों में वर्षों से जमी गंदगी और गाद की सफाई की गई। साथ ही, किनारों पर उगी झाड़ियों को हटाया गया ताकि पानी का बहाव न रुके और वह अंतिम छोर तक पहुंच सके। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया है कि नहरों में कहीं भी रिसाव न हो, जिससे पानी की बर्बादी कम हो और वह सीधे गांवों तक पहुंचे।

# मारपीट और गाली गलौज किए जाने पर डीसीसी ने दिया विजय साव को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- 24 घंटे में मांगा संतोषप्रद जवाब, अन्यथा पार्टी से होगा निष्कासन

जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय कांग्रेस भवन में गुरुवार को हुए घटनाक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने विजय साव को कांग्रेस भवन में अनुशासनहीनता, मारपीट, गाली-गलौज एवं संपत्ति को नुकसान पहुँचाने के संबंध में नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जिला कांग्रेस कमेटी को प्राप्त अत्यंत गंभीर शिकायतों और प्रत्यक्ष साक्ष्यों के अनुसार, यह संज्ञान में आया कि गुरुवार को साव द्वारा पार्टी परिसर के भीतर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन के साथ अभद्र व्यवहार किया। शिकायतों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सार्वजनिक रूप से आपके द्वारा निर्मल जैन के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया और उनके साथ मारपीट की। पार्टी कार्यालय के भीतर इस प्रकार का हिंसक कृत्य कांग्रेस की विचारधारा और अनुशासन के पूर्णतः विरुद्ध है। घटना के दौरान आपने कांग्रेस भवन की संपत्ति को भी नुकसान पहुँचाया है, जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। उपरोक्त कृत्य पार्टी की छवि को धूमिल करने वाला और घोर अनुशासनहीनता का परिचायक है। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस की प्राप्ति के 01 दिन (24 घण्टे) के भीतर अपना स्पष्टीकरण लिखित रूप में जिला अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करें कि क्यों न आपकी प्राथमिक सदस्यता रद्द करते हुए आपको पार्टी से निष्कासित कर दिया जाए ? समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में, साव के विरुध्द एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### पुलिस कार्रवाई और पार्टी का रुख

घटना के बाद नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष और वार्ड 28 के पार्षद विजय साव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि पार्टी में अनुशासन सबसे ऊपर है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी।

### पार्टी को बदनाम करने वाले माफ नही किए जाएंगे

जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीष यादव ने कहा है कि अप्रत्याशित घटना से सभी हतप्रभ रह गए। पार्टी के वरिष्ठों के समक्ष पार्टी का अनुशासन तार-तार हुआ। घटना के बाद संबंधित कार्यकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इससे कांग्रेस में अंतर्कलह की छबि प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है जिसे सफल नही होने दिया जाएगा। और पार्टी की ओर से 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया गया है।

# कोडार बांध के किनारे मिला स्काउट-गाइड उपाध्यक्ष जय का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



जिले के शहीद वीर नारायण बांध में शुक्रवार को कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं स्काउट गाइड संघ पदाधिकारी जय पवार की लाश पत्थरों के बीच पानी में मिली। युवक जय पवार का वाहन, जूते, गाड़ी की डिक्की में पर्स, घड़ी और मोबाईल सभी को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और मौत के कारणों की जांच की जा रही है। मौत पानी में डूबने से हुई, जहर खुरानी से हुई या अन्य किसी कारण से? इसका खुलासा तो पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर इसे विवेचना में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के इमली भाठा क्षेत्र का निवासी जय पवार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपने घर से निकला। बताया जा रहा है कि वे भोरिंग क्षेत्र में अपनी किसी साइट को देखने निकला था। सुबह 10 बजे से पहले अथवा 10 बजे से तकरीबन 1 बजे के बीच उसके साथ क्या ऐसी बात हुई यह प्रश्न सभी के मन में कौंध रहा है। दोपहर लगभग 3 बजे बांध के पास स्थित राम घाट में जय का शव देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तुमगांव थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, जय पवार का शव गहरे पानी में डूबा हुआ नहीं था, बल्कि वह बांध के किनारे जमीन और पानी के मिलन स्थल पर पड़ा मिला। शव की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक रूप से यह आशंका जताई जा रही है कि उन्होंने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया होगा। अनुमान है कि जहर के प्रभाव से शरीर में बेचैनी या जलन होने के कारण वे राहत पाने के लिए पानी के पास जाकर बैठ गए होंगे, जहां उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### पुलिस की कार्रवाई

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और लाश पीएम के लिए भेज दी। चूंकि, मामला संदिग्ध भी नजर आ रहा है इसलिए, पुलिस हर पहलू से घटना की कड़ी जोड़ने के प्रयास में जुटी है। पुलिस अफसरों की मानें तो मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। पुलिस परिजनों व अन्य परिचितों से पूछताछ कर रही है। ताकि, आखिरी लोकेशन, घर से निकलने से पहले और बाद के घटनाक्रम के साथ कॉल डिटेल और अंतिम बार किस-किस के साथ देखे जाने की बारिकी से जांच की जा रही है।

## बागबाहरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल से

**बागबाहरा।** गायत्री परिवार ट्रस्ट बागबाहरा के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 5 अप्रैल से 11 अप्रैल 2026 तक गायत्री शक्ति पीठ वार्ड क्रमांक 7 बस स्टैंड के पास किया जाएगा। शिविर में एक्यूप्रेशर, मैग्नेट थेरेपी एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का उपचार किया जाएगा। अनुभवी चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा रोगियों की जांच कर उचित परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से 12:30 बजे तक एवं सायं 4 बजे से 7:30 बजे तक संचालित रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार यह शिविर आमजन को सरल, सुलभ एवं प्रभावी वैकल्पिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## सांसद ने आरंग-सरायपाली से लेकर बरगढ़–संबलपुर तक नई रेल लाइन निर्माण की आवश्यकता पर उठाई आवाज




**महासमुंद।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने संसद के पटल पर क्षेत्र की दशकों पुरानी और अत्यंत महत्वपूर्ण मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरंग–पिथौरा–बसना–सरायपाली से लेकर ओडिशा के बरगढ़–संबलपुर तक नई रेल लाइन के निर्माण की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए अपरिहार्य बताया। सांसद चौधरी ने सदन को अवगत कराया कि, यह मांग पिछले 35 वर्षों से निरंतर की जा रही है। उन्होंने 'छत्तीसगढ़–ओडिशा संघर्ष समिति' के लंबे संघर्ष का सम्मान करते हुए उनकी आवाज को देश के सर्वोच्च सदन तक पहुंचाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि, यह रेल परियोजना केवल पटरी बिछाने का कार्य नहीं है, बल्कि लाखों नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक है। रेल लाइन से विकास का खुलेगा द्वार, कृषि और व्यापार को मिलेगा बल सांसद ने क्षेत्र की भौगोलिक और आर्थिक स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि, यह क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि प्रधान है। वर्तमान में उचित परिवहन साधन न होने के कारण किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता। रेल लाइन जुड़ने से फसलें सीधे थोक बाजारों तक पहुंच सकेंगी, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। रेल लाइन का निर्माण इस समूचे अंचल के लिए विकास का द्वार साबित होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से नए व्यापारिक अवसर पैदा होंगे, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिलेगा। इस ऐतिहासिक मांग पर सरकार का ध्यान आकृष्ट चौधरी ने भावुकता और दृढ़ता के साथ कहा कि, यह परियोजना क्षेत्र के लाखों लोगों के जीवन स्तर को बदलने वाली साबित होगी। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि दशकों से लंबित इस मांग को जनहित में शीघ्र प्राथमिकता दी जाए, ताकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच व्यापारिक व सामाजिक संबंध और अधिक सुदृढ़ हो सकें। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि यह केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि इस क्षेत्र के लाखों नागरिकों के संघर्ष और उनके बेहतर भविष्य की उम्मीद है।

## राज्यपाल रमेन डेका ने जल संरक्षण और वृक्षारोपण पर दिया जोर

# राज्यपाल ने की सरायपाली में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने शुक्रवार को जिले के सरायपाली प्रवास के दौरान



स्थानीय अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। रेस्ट हाउस में आयोजित इस बैठक में राज्यपाल ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

बैठक में सरायपाली विधायक चतुरी नंद और कलेक्टर विनय लंगेह सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को डबरी निर्माण के लिए प्रेरित करें। बैठक में बताया गया कि विकासखंड में 218 डबरियां स्वीकृत की गई हैं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छायादार और फलदार पौधे लगाने पर जोर दिया। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि शासकीय भवनों और अमृत सरोवरों के पास जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण किया जाए ताकि पर्यावरण को बेहतर बनाया जा सके।

- शासकीय भवनों और अमृत सरोवरों के पास जनभागीदारी के साथ वृक्षारोपण किया जाए

### कृषि और जैविक खेती को बढ़ावा

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए डेका ने रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे किसानों को जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करें। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि धान की पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों को भी शामिल किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से जैविक चावल के वैल्यू एडिशन पर जोर दिया ताकि किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिल सके और उनकी आय में वृद्धि हो।

### स्वास्थ्य और स्वच्छता पर निर्देश

स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने टीबी के मरीजों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सक्षम नागरिकों से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की ताकि उनका बेहतर पोषण और उपचार हो सके। साथ ही, उन्होंने कैंसर और मोतियाबिंद की जांच के लिए विशेष शिविर लगाने तथा एम्स के साथ समन्वय कर बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वच्छता के संबंध में उन्होंने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण को प्रभावी बनाने और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई बनाए रखने को कहा।

### शिक्षा, योग और महिला सशक्तिकरण

राज्यपाल ने नई पीढ़ी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग को अनिवार्य बनाने की बात कही। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों के लिए नियमित योग कक्षाएं संचालित की जाएं। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक पुस्तकालय खोलने और महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाकर लखपति दीदी योजना के लक्ष्यों को पूरा करने पर बल दिया।

# जिले में गर्मी का प्रहार, पारा 37 डिग्री के पार, लू का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले सहित पूरे प्रदेश में गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। अप्रैल की शुरुआत के साथ ही तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसके कारण अब क्षेत्र में लू (हीटवेव) चलने की प्रबल संभावना बन गई है। अचानक बढ़ी इस भीषण गर्मी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज सिरदर्द, तेज बुखार और डिहाइड्रेशन की शिकायत कर रहे हैं। विशेष रूप से सन-स्ट्रोक (लू लगना) के मामले सामने आ रहे हैं। कड़ी धूप के संपर्क में आने से लोग चक्कर आने और उल्टी जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। बढ़ते खतरे को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने स्वास्थ्य संबंधी निर्देश जारी किए हैं। सन-स्ट्रोक के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं जिसमें सिर में भारीपन और तेज दर्द, मुंह का बार-बार सूखना और अत्यधिक प्यास लगना, शरीर का तापमान बढ़ने के बावजूद पसीना आना, शरीर का तापमान बढ़ने के बावजूद पसीना आना, पेशाब की मात्रा में कमी आना है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि लोग दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच घर से बाहर निकलने से बचें। बाहर निकलने पर शरीर को पूरी तरह ढंककर रखें और पर्याप्त मात्रा में पानी, ओआरएस या तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, आने वाले 72 घंटों में तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है। इसका अर्थ है कि पूरा सप्ताह गर्म रहने वाला है। 6 अप्रैल तक मौसम पूरी तरह शुष्क रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। हवा में नमी का स्तर भी गिर रहा है; सुबह जहां आर्द्रता 29 फीसदी है, वहीं शाम तक यह घट रही है, जिससे हवा में गर्माहट और बढ़ गई है। गर्मी का असर शहर की सड़कों पर साफ देखा जा सकता है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग केवल जरूरी काम होने पर ही बाहर निकल रहे हैं। लोग धूप से बचने के लिए चेहरे पर रूमाल और गमछे का उपयोग कर रहे हैं। घरों और कार्यालयों में एसी और कूलर का उपयोग बढ़ गया है। दिन की तपिश के साथ-साथ अब रातों में भी उमस के कारण बेचैनी बढ़ रही है।

# बस्तर संभाग से तेलंगाना एवं अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के लिए पुनर्वास के लिए बनेगी कार्ययोजना

## बस्तर से हजारों लोग छोड़ चुके हैं इलाका , अपर मुख्य सचिव गृह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के ऐसे विस्थापित परिवार जो किन्हीं कारणों से बस्तर संभाग के सीमावर्ती तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश में प्रवासित हैं, इनकी संख्या हजारों में है। ऐसे परिवारों के पुनर्वास की कार्ययोजना बनायी जा रही है। मंत्रालय महानदी भवन में गुरुवार को अपर मुख्य सचिव गृह मनोज कुमार पिंगुआ की अध्यक्षता में पुनर्वास के लिए गठित राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। बैठक में बताया गया कि जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के लोग तेलंगाना एवं आन्ध्रप्रदेश राज्य में प्रवासित हो गए है। इसके लिए प्रवासित परिवारों की ओर से राष्ट्रीय जनजातीय आयोग में याचिका दायर किया गया है। इसके तहत आयोग द्वारा एक माह के भीतर सर्वे कर प्रवासित परिवारों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके परिपालन में बस्तर संभाग के संभागायुक्त द्वारा एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत कलेक्टर दंतेवाड़ा, सुकमा एवं जिला बीजापुर को प्रवासित परिवारों के सर्वे किया जाकर 15 दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।






### हजारों लोग छोड़ चुके हैं इलाका

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सर्वे अनुसार जिला दंतेवाड़ा से तेलंगाना प्रदेश के 60 ग्राम में 618 परिवार के 2654 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से तेलंगाना प्रदेश के 293 ग्राम में 2733 परिवार के 12026 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से तेलंगाना प्रदेश के 114 ग्राम में 994 परिवार के 5029 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से तेलंगाना राज्य के 467 ग्राम में 4345 परिवार के 19709 व्यक्ति प्रवासित है। इसी तरह जिला दंतेवाड़ा से आंध्रप्रदेश के 25 ग्राम में 125 परिवार के 568 व्यक्ति एवं जिला सुकमा से आंध्रप्रदेश के 155 ग्राम में 2462 परिवार के 10787 व्यक्ति तथा जिला बीजापुर से आंध्रप्रदेश के 04 ग्राम में 07 परिवार के 34 व्यक्ति प्रवासित है। इस तरह से छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त तीनो जिला से आंध्रप्रदेश राज्य के 184 ग्राम में 2594 परिवार के 11389 व्यक्ति प्रवासित है। इस प्रकार छत्तीसगढ़ राज्य के जिला दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के 667 ग्राम से तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्य के 651 ग्राम में 6939 परिवार के 31098 व्यक्ति प्रवासित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बस्तर संभाग डोमन सिंह एवं पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज से चर्चा कर अन्य प्रांतों में प्रवासित परिवारों के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए एक बार और सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर लें।

### पिंगुआ ने दिए ये निर्देश

अपर मुख्य सचिव गृह श्री पिंगुआ ने कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा से कहा है कि वे अपने-अपने जिलों से अन्य प्रांतों में प्रवासित लोगों के बारे में उनके मूल ग्राम एवं निवास स्थान से आवश्यक जानकारी तैयार कर लें। जिससे पुनर्वास योजना बनाने आसानी होगी। इसी तरह से पुनर्वास योजना बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित दिए गए है कि वे शीघ्र ही अपने-अपने विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें, जिससे शीघ्र पुनर्वास योजना बनाने में आसानी होगी।

### कांफ्रेंस में शामिल हुए ये अधिकारी

वीडियो कॉन्फ्रेंस में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋर्चा शर्मा, आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव शहला निगार, गृह विभाग की सचिव नेहा चम्पावत, आईजी बस्तर सुन्दरराज, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह सहित कलेक्टर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा शामिल हुए। इसी तरह से बैठक में सामान्य प्रशासन, वित्त विभाग, राजस्व, स्कूल शिक्षा, कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, वाणिज्य एवं उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

---

## खबर संक्षेप



### एआईसीसी अल्पसंख्यक एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने अमीन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन को एआईसीसी माइनॉरिटी एडवाइजरी कमेटी का सदस्य बनाया गया है। पूरे देश में 60 लोगों की यह कमेटी बनी है, जिसमें कांग्रेस के सांसद, विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री, राज्यसभा सदस्यों को मौका मिला है। छत्तीसगढ़ से एकमात्र नेता अमीन मेमन को इस कमेटी का सदस्य बनाया गया है। यह राष्ट्रीय स्तर की कमेटी है, अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दों पर अपनी बातें पार्टी फोरम पर सीधे राहुल गांधी के समक्ष रखेंगे। राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, केसी वेणुगोपाल और इमरान प्रतापगढ़ी का दिल से आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय कमेटी में सदस्य चुने जाने पर उन्हें राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, मलकीत सिंह गैंदू प्रभारी महामंत्री छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी, सुबोध हरितवाल महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि घोष ने बधाई दी।

### राज्यसभा में पेश टेट बिल के समर्थन में शिक्षक संघ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने राज्यसभा में शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में शिक्षकों के सेवा सुरक्षा को लेकर प्रस्तुत बिल का स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, शिक्षा का अधिकार नियम के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टेट के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, साथ ही पूर्व नियम से नियुक्त शिक्षकों की सेवा समाप्त नहीं किया जा सकता है। शिक्षकों की भर्ती उस समय प्रचलित नियमो के अनुसार की गई है। यह बिल शिक्षकों की भावना के अनुसार है। लंबी शिक्षकीय सेवा से शिक्षक दक्ष हो जाते हैं। विधेयक के पक्ष में केंद्रीय शिक्षा मंत्री व सांसद भी हैं, विरोध में कोई नहीं है, अतः इससे अब शिक्षकों की चिंता दूर हो गई है।

### एम्स और सत्य साईं करेंगे संसाधनों का आदान-प्रदान



**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्वेद विज्ञान संस्थान ने श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके अंतर्गत शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीकी टीमों का आदान-प्रदान किया जाएगा। एम्स, भारतीय नर्सिंग परिषद के नियमों के अनुसार श्री सत्य साई संजीवनी नर्सिंग और संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल विज्ञान संस्थानों को नैदानिक प्रशिक्षण और नैदानिक सुविधाएं प्रदान करेगा, विशेष रूप से बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट द्वारा स्थापित अन्य नर्सिंग कार्यक्रमों के लिए। समझौता ज्ञापन पर एम्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल और श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री सी श्रीनिवास ने हस्ताक्षर किए।

---

## एक तिहाई नए जिला अध्यक्ष अभी तक अपनी टीम नहीं बना पाए

# आपसी सहमति न बन पाने के कारण रायपुर सहित कई जिलों की कांग्रेस कार्यकारिणी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति के तीन माह बाद भी राजधानी रायपुर सहित कुछ अन्य जिलों की कार्यकारिणी अब तक तैयार नहीं हो पाई है। एआईसीसी ने जिला, ब्लॉक, बूथ, मंडल स्तर पर कार्यकारिणी बनाकर संगठन को मजबूत बनाने 31 मार्च तक सांगठनिक ढांचा पूरी तरह तैयार करने कहा था। बताया गया है कि जिला स्तर पर दो दर्जन से अधिक जिलों ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर लिया है। वहीं कुछ अन्य जिलों में ब्लॉक, बूथ और मंडल स्तर पर बैठक कर सक्रिय लोगों के नाम लिए जा रहे हैं, जिन्हें कार्यकारिणी में रखा जाएगा।

छत्तीसगढ़ में भी संगठन सृजन के माध्यम से जिला अध्यक्षों का चयन किया जा चुका है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों का चयन भी किया जा चुका है। मंडल अध्यक्षों का भी चयन हो चुका है। जिला एवं ब्लाक स्तर की कार्यकारिणी बनाने का काम प्रगति पर है। जिलों में उपाध्यक्ष, महामंत्री और कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी करने नाम लिए जा रहे हैं। संगठन के निचले पायदान पर भी गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वार्डों, ग्रामों एवं बूथ कमेटियों का भी पुनरीक्षण का काम चल रहा है। 31 मार्च की समय सीमा निकलने के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं में नाराजगी है कि अब तक राजधानी रायपुर के शहर और ग्रामीण की कार्यकारिणी गठन की कवायद चल रही है। माना जा रहा है कि इसी माह में कार्यकारिणी जारी कर दी जाएगी। वैसे पीसीसी अध्यक्ष का दावा है कि उन्होंने कई जिलों का दौरा कर संगठन को मजबूती दिया जा रहा है।




### आपसी सहमति न बनने से अटकी सूची

अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद भी कार्यकारिणी न बनने से पार्टी में नाराजगी है, क्योंकि नए जिला अध्यक्ष अभी तक अपनी टीम नहीं बना पाए हैं। नियुक्त जिलाध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभी तक नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि कार्यकारणी में पद पाने के लिए गुटबाजी और आपसी सहमति न बन पाने के कारण इसमें देरी हो रही है। 41 संगठन जिलों में से लगभग 75 प्रतिशत जिलों की कार्यकारिणी बन गई है, पीसीसी को भेजा जा चुका है। शेष जिलों की कार्यकारिणी जल्द भेजने जिला अध्यक्षों पर पीसीसी का दबाव है।

### सक्रिय कार्यकर्ताओं को मिलेगा पद

बताया जाता है कि रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की कार्यकारिणी अब तक नहीं आने के पीछे सक्रिय लोगों को आगे लाने की तैयारी है। यहां पर पार्टी के प्रदर्शन और अन्य गतिविधियां देखने को मिलती है। यहां पर ऐसे युवाओं को आगे लाया जा रहा है जो सक्रियता के साथ इसमें भाग लेते हैं। वहीं यहां पर कई बड़े नेता भी हैं जो अपने समर्थकों को कार्यकारिणी में स्थान दिलाने में लगे हैं। यही कारण है कि यहां पर कार्यकारिणी का गठन नहीं किया जा सका है। वैसे कांग्रेस के बूथ और मंडल प्रभारियों से नाम मंगा लिए गए हैं, जिन्हें शामिल करने से पहले बड़े नेताओं से चर्चा की जा रही है।

---

## कांग्रेस का आरोप

# मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से महंगाई बेलगाम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और कूटनीतिक विफलता के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि महंगाई पर जल्द नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस भवन में संवाददाताओं से चर्चा में शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, मोदी सरकार ने एक बार फिर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 195 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जबकि पिछले तीन महीनों में ही 525 रुपये की वृद्धि हो चुकी है। वहीं घरेलू गैस सिलेंडर में भी हाल ही में 62 रुपये की बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि पेट्रोल डीजल पर एक्साइज घटाने का दिखावा कर सरकार ने वाहवाही लूटी, लेकिन हकीकत यह है कि पेट्रोल के दामों में फिर बढ़ोतरी शुरू हो गई है।

### मोदी राज में खाद्य तेल 200 रुपए के पार


पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, जो खाद्य तेल 70 साल में 70 रुपये प्रति लीटर तक पहुंचा था, वह मोदी राज में 200 रुपये के पार पहुंच गया। घरेलू गैस सिलेंडर जो भाजपा को 400 रुपये में महंगा लगता था, आज 900-1000 रुपये तक पहुंच गया है। कुलदीप जुनेजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकारों को आम जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सारी राहत और रियायतें केवल पूंजीपति मित्रों को दी जा रही हैं, जबकि देश के संसाधनों और सार्वजनिक उपक्रमों का लाभ भी उन्हीं को पहुंचाया जा रहा है। पंकज शर्मा ने कहा, देश में आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है और इसका मुख्य कारण सरकार की गलत नीतियां हैं।

---

# जनगणना के लिए मकानों की गिनती शुरू, मई से काम होगा तेज, जनता को देने होंगे 33 सवालों के जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के लिए काम शुरू हो गया है। राजधानी रायपुर सहित अन्य कुछ जिलों में लोगों के घरों पर मकान नंबर लिखने का काम शुरू हो गया है। जनगणना शुरू होने पर संबंधित अधिकारी कर्मचारी लोगों के घर-घर जाकर 33 सवाल पूछेंगे। इन सवालों को जनगणना में शामिल किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण और आवास गणना) का मैदानी कार्य आधिकारिक तौर पर 1 मई 2026 से शुरू होना निर्धारित है। वर्तमान में (अप्रैल 2026 के प्रथम सप्ताह तक), राज्य के सभी जिलों में इस कार्य के लिए तैयारी और प्रशिक्षण का चरण अंतिम दौर में है। मकान-दर-मकान जाकर सूचीकरण का काम मई से शुरू होगा, इसलिए अभी तक पूर्ण हो चुके कार्य के जिलेवार आधिकारिक आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।




### ये तैयारियां जारी

सूत्रों के अनुसार जनगणना के लिए चल रहे काम के दौरान रायपुर, दुर्ग, रायगढ़ और बलरामपुर जैसे जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। मकानों की नंबरिंगः रायपुर नगर निगम और दुर्ग जिले में मकानों के दीवारों पर नंबर डालने का प्रारंभिक कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि 1 मई से मुख्य गणना सुचारू रूप से हो सके।

### घर-घर आएंगे जनगणना वाले

छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत की आगामी जनगणना 2027 को लेकर आधिकारिक बिगुल फूंक दिया है। राज्य शासन के गृह (सामान्य) विभाग ने 3 फरवरी 2026 को एक अधिसूचना जारी कर केंद्र सरकार के उन निर्देशों को पुनः प्रकाशित किया है, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा जारी इस अधिसूचना के अनुसार, जनगणना अधिकारियों को यह शक्ति दी गई है कि वे निर्धारित स्थानीय क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से मकान और परिवार की सुख-सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र करें ।

### इन 33 सवालों का देना होगा जवाब

जनगणना के दौरान प्रगणक आपके घर आकर मुख्य रूप से 33 श्रेणियों में जानकारी मांगेंगे। इसमें मकान की बनावट से लेकर आपके पास मौजूद इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स तक की जानकारी शामिल होगी। इसके साथ ही ये सवाल पूछे जाएंगे। मकान की स्थितिः भवन और जनगणना मकान नंबर, फर्श, दीवार और छत में प्रयुक्त सामग्री, तथा मकान की वर्तमान हालत । पीने के पानी का मुख्य स्रोत और उसकी उपलब्धता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी और स्नानगृह की सुविधा । क्या घर में रसोईघर है? एलपीजी या पीएनजी कनेक्शन की स्थिति और खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाला मुख्य ईंधन । परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, जाति ( एससी, एसटी,अन्य) और परिवार में रहने वाले कुल व्यक्तियों एवं विवाहित जोड़ों की संख्या । परिवार द्वारा मुख्य रूप से खाया जाने वाला अनाज । इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेलीविजन, लैपटॉप या कंप्यूटर की उपलब्धता । संचारः इंटरनेट सुविधा, टेलीफोन, मोबाइल या स्मार्टफोन और केवल जनगणना संबंधी सूचनाओं के लिए मोबाइल नंबर भी लिया जाएगा।

---

**30 अप्रैल तक नहीं करने पर होगी कार्रवाई**

# 57 हजार मीट्रिक टन चावल अब तक जमा नहीं, 121 राइस मिलरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में उपार्जन केंद्रों से अब तक जहां धान उठाव का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पाया है, वहीं धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के कार्य में भी मिलरों द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। इसके कारण जिल में अब तक 57 हजार मीट्रिक टन से भी अधिक चावल जमा नहीं हो पाया है। मिलरों के पास अब धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा करने के लिए 28 दिन ही बचे हैं। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है।

इसके मद्देनजर खाद्य विभाग ने अब राइस मिलरों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। इसके तहत 121 मिलरों को समय के भीतर चावल जमा करने के लिए नोटिस जारी किया। अधिकारियों का कहना है कि निर्धारित समय में चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों के विरुद्ध कलेक्टर के निर्देश पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### 7 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव अभी भी बाकी

जिले में अभी तक समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदा गया धान का शत-प्रतिशत उठाव भी नहीं हो पाया है। सात हजार मीट्रिक टन धान अभी भी उपार्जन केंद्रों में पड़ा हुआ हैं। बचे हुए धान को 40 राइस मिलरों द्वारा उठाव किया जाना है। बताया जा रहा है कि समय-सीमा खत्म होने के बाद भी जो धान उठा नहीं हैं। उसे उठाने के लिए सहकारी विपणन संघ मर्यादित विभाग लगातार राइस मिलरों पर दबाव बना रहा है। इसके बाद भी धान का उठाव हो नहीं पा रहा है।

### नोटिस जारी किया है

धान उठाव के विरुद्ध अब तक लगभग 57 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं हुआ है। चावल जमा नहीं करने वाले 121 राइस मिलरों को नोटिस जारी किया है। 30 अप्रैल को चावल जमा करने की अंतिम तारीख है।

**- भूपेंद्र मिश्रा,**
खाद्य नियंत्रक रायपुर

### 30 से 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं

जिन राइस मिलरों ने धान उठाव के विरुद्ध चावल जमा नहीं किया हैं। उनकी संख्या 121 है। इनमें 18 राइस मिलर ऐसे हैं जिनके द्वारा एक हजार से लेकर 2600 मीट्रिक टन तक चावल जमा नहीं किए। इनमें 2 हजार मीट्रिक टन से अधिक चावल वाले मिलरों की संख्या 5 है। इन मिलरों के नाम क्रमशः एमएस इंडियन राइस, अग्रोहा इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज एचयूएफ एवं महालक्ष्मी पड्डी प्रोसेसिंग कंपनी शामिल है। इसी प्रकार 1 हजार से 2 हजार मीट्रिक टन चावल जमा नहीं करने वाले मिलरों में गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज, अमित एग्रो प्रो., श्रीओम राइस टेक प्रा.लि., आर्यन राइस इंडस्ट्रीज, जिंदलानी राइस मिल, गोयल एग्रो इंडस्ट्रीज प्रा.लि., गुरुनानक राइस इंडस्ट्रीज, कोनार्क इंडस्ट्रीज, गोयल एग्रो निर्मला राइस मिल, श्रीतिरूपति राइस इंडस्ट्रीज, विद्याश्री राइस मिल एवं मां संतोषी राइस मिल शामिल है।

---

## राज्य निर्माण के बाद किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा

# पीडब्लूडी की उपलब्धि- एक वित्तीय वर्ष में 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के लिए विगत 31 मार्च को समाप्त वित्तीय वर्ष 2025-26 ऐतिहासिक रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने राज्य के निर्माण के बाद से अब तक सबसे ज्यादा कार्यों और राशि की प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं। विगत वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा कुल 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ 18 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

यह राशि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के बाद से किसी एक वर्ष में स्वीकृत सर्वाधिक राशि के दोगुने से भी ज्यादा है। वर्ष 2025-26 में मंजूर की गई राशि 2024-25 में स्वीकृत 2589 करोड़ 89 लाख रुपए की तुलना में तिगुने से भी ज्यादा है, जबकि कार्यों की संख्या दोगुने से भी अधिक है। हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में लोक निर्माण विभाग ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की मांगों, जरूरतों और जन आकांक्षाओं को देखते हुए उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री अरुण साव के निर्देश पर 1925 नए कार्यों को शामिल करते हुए इनके लिए 2287 करोड़ रुपए के प्रावधान किए थे। पिछले वर्ष के बजट में राज्य निर्माण के बाद से सर्वाधिक संख्या में नए कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए गए थे। बजट में शामिल नए कार्यों को प्राथमिकता में रखते हुए बड़ी संख्या में इनकी मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं।




### 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की मंजूरी

उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने प्रदेशभर में सड़कों और पुलों के कार्यों को गति देने प्रस्तावित कार्यों के जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर ज्यादा से ज्यादा कार्यों की स्वीकृति के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर विभाग ने सक्रियता और तत्परता से अमल करते हुए बीते वित्तीय वर्ष में अब तक के सर्वाधिक 993 कार्यों के लिए 9129 करोड़ की राशि को मंजूरी दी है।

### साव ने कही ये बात

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने इस तत्परता के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और अमले की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सरकार राज्य की अधोसंरचना को मजबूत करने अभूतपूर्व गति से कार्य कर रही है। रिकॉर्ड संख्या में सड़कों और पुलों को स्वीकृति देकर शहरों, गांवों और वनांचलों को जोड़ने का अभियान तेज किया गया है। हमारी प्राथमिकता हर पहुंचविहीन क्षेत्र तक बेहतर सड़क सुविधा पहुंचाना है, जिससे विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार सड़क नेटवर्क का सशक्त जाल बिछाने पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

### किस काम के लिए कितनी राशि

लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 में 141 सड़कों और पुलों के लिए 2013 करोड़ रुपए, 2017-18 में 300 कार्यों के लिए 2311 करोड़ रुपए, 2018-19 में 154 कार्यों के लिए 4544 करोड़ रुपए, 2019-20 में 312 कार्यों के लिए 2402 करोड़ रुपए और 2020-21 में 345 कार्यों के लिए 3797 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। विभाग ने वर्ष 2021-22 में 531 कार्यों के लिए 4482 करोड़ रुपए, 2022-23 में 466 कार्यों के लिए 2656 करोड़ रुपए, 2023-24 में 355 कार्यों के लिए 3753 करोड़ रुपए तथा 2024-25 में 436 कार्यों के लिए 2590 करोड़ रुपए के कार्यों को प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की थी।

### केक कटवाकर बच्चों के चेहरे खिले



**रायपुर।** जिले में शासकीय कर्मचारियों के जन्मदिन अब केवल व्यक्तिगत आयोजन नहीं रह गए हैं, बल्कि समाज सेवा का माध्यम बनते जा रहे हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट आओ बांटें खुशियां के तहत गुरुवार को स्टाफ नर्स नीतू शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र भैंसा तिल्दा एवं फिजियोथेरेपिस्ट पूनम सोनी ने आंगनबाड़ी केंद्र महासमुंद में विद्यार्थियों के साथ जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों के साथ केक काटकर, फल और पौष्टिक आहार वितरित कर मनाया।

**खबर संक्षेप**

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में राजीव ने बाजी मारी

**भानुप्रतापपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले के छात्र राजीव उइके पिता रामकृष्ण उइके ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद द्वारा गायत्री चेतना केंद्र सरोना में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सफलता न केवल छात्र के लिए बल्कि पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

### शराब पीने की सुविधा दी, दुकानदार पकड़ाया

**कांकेर।** गोण्डाहूर थानांतर्गत पीव्ही 53 आनंदनगर में दुकान के सामने शराब पीने के लिए अवैध रूप से सुविधा देने वाले आरोपी पीव्ही 53 आनंदनगर निवासी 51 वर्षीय रामकृष्ण देवनाथ पिता स्व. वासुदेव को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रामकृष्ण देवनाथ 2 अप्रैल को अपने किराना दुकान के सामने अवैध रूप से धन अर्जित करने के लिए कुछ व्यक्ति को बैठाकर शराब पीला रहा था।

### जमीन बंटवारे को लेकर बहू से मारपीट, मामला दर्ज

**कांकेर।** अंतागढ़ थाना क्षेत्र के ऊपरपारा में एक बार फिर पारिवारिक विवाद ने खतरनाक मोड़ ले लिया, जहां जमीन बंटवारे की बात ने रिश्तों को इस कदर झकझोर दिया कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक जा पहुंचा। जानकारी के अनुसार ऊपरपारा अंतागढ़ निवासी 27 वर्षीय नूतन सोनी, जो सिलाई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, ने थाना अंतागढ़ में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि 31 मार्च की सुबह करीब 9 बजे उसकी सास सकून सोनी और देवर विकास सोनी के साथ जमीन बंटवारे को लेकर विवाद शुरू हुआ।

# राशन संकट पर किसान कांग्रेस का हमला वादों में उलझी सरकार, जमीन पर नाकाम

## मार्च में हजारों हितग्राही राशन से वंचित, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी भी अधूरीः मानिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में राशन वितरण और धान खरीदी को लेकर सियासत तेज हो गई है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मानिक साहू ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि मार्च माह में जिले की सैकड़ों सरकारी राशन दुकानों से हजारों हितग्राही राशन नहीं मिलने के कारण वंचित रह गए। उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से तत्काल प्रभावित परिवारों को राशन उपलब्ध कराने की मांग की है।

मानिक ने कहा कि सरकार एक ओर गरीबों को मुफ्त अनाज देने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमराई हुई हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर राशन वितरण नहीं हो पा रहा है, तो यह सीधे तौर पर



प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई गांवों में हितग्राही दुकानों के चक्कर काटते रहे, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिला। धान खरीदी के मुद्दे पर भी किसान कांग्रेस ने सरकार को घेरा। मानिक साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से समर्थन मूल्य पर 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, लेकिन यह वादा भी अधूरा रह गया। उन्होंने दावा किया कि आज भी महासमुंद जिले के सैकड़ों किसान अपनी उपज का पूरा धान समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाए हैं। मजबूरी में किसान औने-पौने दाम पर कोचियों को धान बेचने को विवश हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि किसान पहले ही कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं, ऐसे में सरकारी वादाखिलाफी उनके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। सरकार की नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है, जिसे अब जनता भी समझने लगी है। मानिक ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह धान खरीदी और राशन वितरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि योजनाओं का लाभ सही तरीके से लोगों तक नहीं पहुंच रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसान कांग्रेस आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होगी। किसान कांग्रेस ने मार्च माह में राशन से वंचित सभी हितग्राहियों को तत्काल राशन उपलब्ध कराने, धान खरीदी में पारदर्शिता लाने और किसानों के बकाया मुद्दों का जल्द समाधान करने की मांग की है।



## सितली नाला में विकास कार्य ने पकड़ी रफ्तार, 90 प्रतिशत सफाई पूरी

**महासमुंद।** सितली नाला के स्वरूप को बदलने और क्षेत्र के विकास के लिए संचालित अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच गई है। स्वाध्याय केंद्र समिति द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय अशोक चौरड़िया की स्मृति में कराए जा रहे इस पुनीत अभियान के विकास कार्य की गति वर्तमान में काफी तेज है, जिसके सकारात्मक परिणाम धरातल पर दिखने लगे हैं। अभियान की प्रगति की जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक सदस्य एवं महासमुंद के पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया कि पुल से लेकर श्मशान घाट तक नाले की लगभग 90 प्रतिशत सफाई का कार्य सफलतापूर्वक किया जा चुका है। स्वच्छता अभियान के साथ-साथ अधोसंरचना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिसके तहत नाले के दोनों ओर सड़क निर्माण के लिए समतलीकरण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इसी कड़ी में अब स्टॉप डैम (बांध) के रखरखाव का महत्वपूर्ण चरण भी शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग द्वारा विभागीय तौर पर बांध के गेटों के मेंटेनेंस और रंगाई-पुताई का काम प्रारंभ कर दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की देखरेख में मशीनी और तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं।

## श्रीमद भागवत महापुराण कथा में कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम





**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह के बाजार चौक में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा चौथे दिन की कथा व्यास लोकेश महाराज ने ने समुद्र मंथन, कृष्ण जन्म उत्सव, दही लूट पर प्रसंग सुनाते हुए कहा कि समुद्र मंथन से प्राप्त विष और अमृत के बंटवारे में भगवान श्री हरि विष्णु ने मोहिनी का रूप धारण कर दैत्य और देवताओं के झगड़े को समाप्त कर दोनों का आपसी झगड़ा मिटाया। मनुष्य को आत्मा के द्वारा मंथन कर सत्कर्म रूपी भागवत प्राप्ति नवनीत को धारण करना चाहिए। जिस प्रकार दही में छिपे मक्खन को निकाल कर नवनीत की प्राप्ति होती है, उसी प्रकार मनुष्य को भागवत प्रेम से आत्म मंथन कर मोक्ष की प्राप्ति करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों का बोझ बढ़ गया, तब भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए। जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान कृष्ण धर्म की पुनः स्थापना के लिए अवतरित होते हैं। जन्मोत्सव के अवसर पर कथा पंडाल नंद के घर आनंद भयो और जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों से गूंजायमान हो उठा।

श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्म पर पुष्प वर्षा कर उत्सव मनाया। बाद दही लूट का मनमोहक प्रसंग सुनाया। कथा पंडाल भजनों, फूलों से सराबोर हो उठे। जहां नंद घर आनंद भयो की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने दही-मिश्री का भोग लगाकर नृत्य किया।



### स्वदेशी वस्तुओं का अपनाना ही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची राह : चंद्रहास

**महासमुंद।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा कवर्धा में स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया। समापन दिवस पर मुख्य अतिथि संस्कृति पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर रहे। चंद्रहास ने अपने उद्बोधन से जनमानस को स्वदेशी की ओर लौटने का आह्वान किया।



### उखरा में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ रामायण कार्यक्रम

**नर्रा।** ग्राम उखरा के जय बजरंग समिति के सदस्य और ग्रामवासियों के सहयोग से गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में विराजित हनुमान की पूजा अर्चना व आरती पंडित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर मोर मयारू राम मानस परिवार गांजर द्वारा सुर मधुर प्रस्तुति दी गई। इसके बाद सांस्कृतिक भी हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय सरपंच प्रीतम चौधरी, विशिष्ट अतिथि सेतराम राणा, उपसरपंच चैतराम निषाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पंडित हेमंत शर्मा और मेधावी छात्र साक्षी चौरे का सम्मान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष रूपेंद्र कुमार पाड़े, सचिव जय प्रकाश प्रधान, लखन पाड़े, किशोर नाग, हेम प्रकाश, योगेश दुर्गेश एवं ग्रामवासियों का सहयोग रहा। मंच संचालन मनोज सागर ने किया।



### हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष पूजा

**बोइरगांव (कोमाखान)।** ग्राम कोमाखान के राधा कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर विशेष पूजा आरती एवं रमायण पाठ किया गया। पश्चात प्रसाद एवं आम भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

# पांच दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव का हुआ आगाज श्रद्धा और उत्साह से गूंजा खल्लारी विधानसभा क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

जिले के सुप्रसिद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन खल्लारी मेला का शुभारंभ इस वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ हुआ। ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र खल्लारी माता मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

5 दिवसीय खल्लारी मेला महोत्सव शुभारंभ कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर के द्वारा किया गया। वहीं जनपद उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, खल्लारी मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष विनोद त्रिवेदी एवं जनपद सदस्य राहुल चंद्राकर विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत खल्लारी के सरपंच पुष्पेंद्र साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां खल्लारी के समक्ष विधिवत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात अतिथियों के उद्बोधन का क्रम प्रारंभ हुआ।

खल्लारी माता मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। यह मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य से घिरी पहाड़ी पर स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को सैकड़ों सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मान्यता है कि यहां विराजित मां खल्लारी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं और संकटों का नाश करती हैं। हर वर्ष लगने वाला खल्लारी मेला न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का भी अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है।



मुख्य अतिथि केशव नायकराम चंद्राकर ने अपने संबोधन की शुरुआत मां खल्लारी की जय के उद्घोष के साथ की। उन्होंने अपने उद्बोधन में खल्लारी माता की गौरवशाली गाथा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह धाम सदियों से श्रद्धा और आस्था का केंद्र रहा है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि खल्लारी मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। जनपद पंचायत सीईओ एमएल मरावी ने कहा कि प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं और आगे भी हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति गरिमा केशव चंद्राकर, भूमिका रामजीलाल सिन्हा, तुलाराम ठाकुर, मधुलिका गणेश चंद्राकर, दिव्या उपेंद्र दीवान, धनेश्वरी प्रहलाद साहू, लता कुमारी जनक राम पांडे, भगवती राजकुमार ठाकुर, गीता दीवान, जनपद सदस्य मान बाई मंगलू राम ठाकुर, बलराम ध्रुव, चंद्रकला साहू, भूपेंद्र दीवान, जामीन ठाकुर सरपंच संघ अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, युवा कांग्रेस कमा खान अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, मुबारक, अली खान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में खल्लारी पंचायत के उपसरपंच, समाजसेवी एवं पत्रकार तारेश साहू ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने मेला समिति, प्रशासन एवं उपस्थित सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मेले के सफल आयोजन की कामना की। खल्लारी मेले का यह भव्य शुभारंभ एक बार फिर क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। आने वाले दिनों में यह मेलाछ हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करेगा तथा क्षेत्र की पहचान को और अधिक गौरव प्रदान करेगा।

# नक्सलवाद मुक्त प्रदेश बनने की दिशा को बताया बड़ी उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में मिल रही सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कहा कि यह उपलब्धि देश और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, जिससे अब छत्तीसगढ़ विकास, शांति और समृद्धि के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

स्वप्निल ने कहा कि वर्षों से नक्सलवाद की समस्या से जूझ रहे प्रदेश के लिए यह एक बड़ी राहत की खबर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए गए सख्त और सुनियोजित अभियान का ही परिणाम है कि आज नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है। सुरक्षा बलों की वीरता, समर्पण



और रणनीतिक कार्यशैली के कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पहले जहां भय और असुरक्षा का माहौल था, वहीं अब लोगों के बीच विश्वास और विकास की नई किरण दिखाई दे रही है। सड़कों, स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है, जिससे आम जनता का जीवन स्तर सुधर रहा है। तिवारी ने आगे कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव अब दूर-दराज के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रहा है। इससे न केवल लोगों का भरोसा शासन-प्रशासन पर बढ़ा है, बल्कि वे मुख्यधारा से जुड़कर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद का खात्मा केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई से ही नहीं, बल्कि विकास और विश्वास के जरिए संभव हुआ है। उन्होंने प्रदेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ में सुख, शांति और समृद्धि का नया अध्याय शुरू होगा। उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर पैदा होंगे, जिससे प्रदेश की तरक्की को नई गति मिलेगी। अंत में स्वप्निल तिवारी ने केंद्र और राज्य सरकार के नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा और यहां के नागरिक एक सुरक्षित और समृद्ध जीवन व्यतीत करेंगे।

# तुमाबुजुर्ग में बनेगा वैदिक गुरुकुल भवन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- दिखेगा परंपरा और आधुनिक शिक्षा का अनूठा संगम

रामनवमी के अवसर पर जिले के ग्राम तुमाबुजुर्ग स्थित मां अंगारमोती गौधाम में प्राच्य विद्या वैदिक गुरुकुल के भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।



गुरुकुल निर्माण का संकल्प स्वर्गीय राकेश गुप्ता (दाऊजी) की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी शशि गुप्ता द्वारा लिया गया है। प्रस्तावित भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, किंतु इसका निर्माण प्राचीन भारतीय पद्धति से किया जाएगा, जिससे पर्यावरण और संस्कृति का संतुलन बना रहे।

गुरुकुल में विद्यार्थियों को आवासीय व्यवस्था के साथ वेद, पुराण, संस्कृत और ज्योतिष जैसे विषयों की शिक्षा दी जाएगी। साथ ही आधुनिक शिक्षा का समावेश भी किया जाएगा। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए सभी वर्ग के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त गौपालन, जैविक कृषि और आयुर्वेद का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। संस्थान को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित संस्कृत संस्थाओं से जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह गुरुकुल भविष्य में भारतीय संस्कृति और शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### महावीर एवं हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भानुप्रतापपुर।** महावीर जन्मोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जीव दया और सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटना चारा एवं पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए गए। यह सेवा कार्य प्रदेश उपाध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ प्रदीप जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पार्षद रजिंदर कौर, व्यवसायी मोहन हर्दवानी, अनंतगोपाल कोठारी, जीवन जैन, राकेश रमानी, नरोत्तम चौहान, यश कथूरिया, सुशील आहूजा, अजय लखानी, आनंद जैन एवं प्रदीप नवलानी सहित कई नागरिक मौजूद रहे।

# आमापारा में शुरू हुआ प्याऊघर, राहगीरों को मिलेगी राहत

**धमतरी।** बढ़ती गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के आमापारा चौक में वर्षों पुरानी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था शुरू की गई है। शहर की प्राचीन बाल कला मंदिर गणेशोत्सव समिति द्वारा जनहित में यह सराहनीय पहल की गई, जिसका शुभारंभ समिति अध्यक्ष विशेश्वर पटेल एवं पिंकी यादव ने किया।

गर्मी के इस मौसम में राहगीरों, ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाले लोगों और दैनिक मजदूरी करने वालों के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्याऊ घर का संचालन



प्रारंभ किया गया। यह पहल न केवल लोगों की प्यास बुझाने का कार्य करेगी, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगी। इस अवसर पर नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना और भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा मानव धर्म है। यह परंपरा हमें हमारे पूर्वजों से विरासत में मिली है, जिसे आगे बढ़ाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभावी कार्यों से नई पीढ़ी को सामाजिक सरोकार और मानवता के मूल्य सिखाए जा सकते हैं। कार्यक्रम में देवनारायण यादव, विजय पटेल, सुंदर नाग, अनवर हुसैन हाशमी, मोनू वाधवानी, अनिल वाधवानी, मुकेश, रोहन, गायत्री, मंजू यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में इस वर्ष भी श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक रखा गया। 31 मार्च मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भगवान हनुमान जी का श्रृंगार, अखंड रामायण एवं चालीसा पाठ किया गया और शस्त्र पूजन भी किया गया। 1 अप्रैल बुधवार की शाम को श्रीराम हिंदू परिवार द्वारा डीजे की धुन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।



**खबर संक्षेप**



## खरोरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान वीर अद्वितीय योद्धा और स्वराज महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज मातृभूमि की रक्षा, स्वाभिमान और न्याय के लिए उनका संघर्ष हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनका साहस और पराक्रम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और स्वाभिमान की राह दिखाता रहेगा।

## लाफिनखुर्द में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ में विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन, मुंडन, विद्यारम्भ, अन्नप्राशन, नामकरण, जन्मदिन, विवाह दिवस, दीक्षा, संस्कार निःशुल्क होंगे। 4 अप्रैल को कलश यात्रा, शाम 4 से 6 बजे तक प्रज्ञा पुराण कथा व शाम 7 से 8 बजे तक दीप यज्ञ होंगे। वहीं 5 अप्रैल को प्रातः 8 से 12 बजे तक यज्ञ हवन एवं विभिन्न संस्कार, दोपहर 1 से 3 बजे तक भोजन भंडारा प्रसाद वितरण, शाम 4 से 6 बजे तक बारात गांव भ्रमण होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर लगा भंडारा, छप्पन भोग महाप्रसाद का वितरण





**महासमुंद।** स्थानीय गुडरुपारा बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रात :काल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान हनुमान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विशेष आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही छप्पन भोग महाप्रसाद भी अर्पित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान को समर्पित किए गए। आयोजन समिति द्वारा पूरे कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शाम के समय भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन हुआ। आयोजन में शशिकांत बजाज, युवराज सोनी, भुनेश्वर तारक, दिनेश यादव, विनय तारक, महेश सोनी, सूरज साहू, शुभम साहू, वासु यादव, खुशी कन्नौजे, पीहू कन्नौजे, प्रियंका कन्नौजे, कमलेश कन्नौजे, शुभम कन्नौजे, धर्मेंद्र कन्नौजे, अमित कन्नौजे, दयाशंकर कन्नौजे, दुर्गेश कन्नौजे, त्रिलोकी कन्नौजे, खुशहाल कन्नौजे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमन वर्मा, गीतिका सोनी, जतिन रूपरेला, मनीष शर्मा, ललित साहू व मंदिर के पुजारी बिसाहू कन्नौजे उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत 233 घरों तक पहुंचा नल का स्वच्छ जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम लांती के ग्रामीणजन बताते हैं कि एक समय था जब गांव के ग्रामीणों को पेयजल के लिए हैंडपंप और पावर पंप पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेषकर गर्मी के मौसम में जल संकट गहराने पर महिलाओं को दूर-दराज तक जाकर पानी लाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम दोनों की अत्यधिक खपत होती थी। लेकिन, इस समस्या के समाधान के लिए जल जीवन मिशन के तहत ग्राम लांती में 85.04 लाख रुपए की लागत से सुदृढ़ जल प्रदाय व्यवस्था विकसित की गई। इसके अंतर्गत एक सुसज्जित पानी टंकी का निर्माण किया गया तथा लगभग 4400 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। इस परियोजना के माध्यम से गांव के 233 घरों तक नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं।



पहले जहां गांव में मात्र 6 हैंडपंप और 2 पावर पंप के माध्यम से जलापूर्ति होती थी। वहीं अब अधिकांश परिवारों को उनके घर पर ही नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। इस उपलब्धि में ग्राम पंचायत की सरपंच सुभाषिणी साहू के नेतृत्व, पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता तथा ग्रामीणों के सहयोग की भूमिका रही है। सामूहिक प्रयासों के परिणामस्वरूप ग्राम लांती को 13 सितंबर 2025 को हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित किया गया।

गांव की हितग्राही ललिता दास बताती हैं कि पूर्व में उन्हें पानी के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था और कई बार दूरस्थ स्त्रोतों तक जाना पड़ता था। लेकिन, अब घर में नल कनेक्शन मिलने से सहज रूप से स्वच्छ जल उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। ग्रामीणजनों ने केंद्र और राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## शोभायात्रा में कराते खिलाड़ियों ने किया हैरत अंगेज प्रदर्शन

**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित विशाल शोभायात्रा में लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने मास्टर नीलकंठ साहू, मास्टर शेखर साहू, लेडी कराते मास्टर ट्रेनर खुशी साहू, ब्लैक बेल्ट दमयंती नायक के निर्देशन कराते खिलाड़ियों द्वारा कराते सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट तलवारबाजी का हैरत अंगेज प्रदर्शन किया गया। जिसमें मास्टर नीलकंठ साहू ने आंख में काली पट्टी बांधकर खिलाड़ियों के पेट में रखी हुई लौकी को काटकर हैरत अंग्रेजप्रदर्शन किया, जिसे देखकर लोगों ने खूब तालियां बजाई और जय जय श्री राम का नारा लगाया। वहीं इंटरनेशनल कराते प्लेयर मास्टर ईशान साहू, ब्लैक बेल्ट निकुंज साहू, तुषार डडसेना, यशपाल साहू, प्रांजल साहू, आयुष ठाकुर, रिवांस साहू ने आग के गोले का चालन, स्टीक फाइट, लाठी भाला का प्रदर्शन किया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी फमेश्वरी सिन्हा, तमन्ना नायक, डिम्पल गोस्वामी, तुलसी बया, कंचन यादव, सोनाक्षी साहू, कुंदती सोनवानी, रोली नायक, राशि साहू, मानसी साहू ने वूमेंस सेल्फ डिफेंस तलवारबाजी ग्रुप फाइट टाइल्स ब्रेकिंग कराते कुमिते एक से अधिक लोगों से लड़ने की जापानी शैली ग्रुप फाईट काता जुकी गैरी का शानदार प्रदर्शन किया।



## मंडी प्रांगण में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**महासमुंद।** हम सबके राम टोली परिवार गंजपारा द्वारा पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। आयोजन प्रभारी शरद मराठा ने बताया कि मंडी प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी प्रमुख रूप से उपस्थित होकर समितियों के सदस्यों के साथ केक काटा गया। देवीचंद ने कहा कि आज पूरा देश हनुमान जन्मोत्सव मना रहा है। शक्ति एवं बल के साथ अष्ट सिद्धि के नायक भगवान हनुमान है।



## हनुमान जन्मोत्सव पर सुंदरकांड का हुआ पाठ

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम लामीडीह में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर के प्रांगण में ग्रामवासियों द्वारा हनुमान की पूजा अर्चना की गई। ग्राम में सुबह से ही भक्तों द्वारा हनुमान चालीसा व रामचरितमानस से सुंदरकांड का पाठ किया। संध्या 5 बजे जय मां शारदा मानस मंडली लामीडीह द्वारा मानस गान का आयोजन किया गया। मानस गान में जगन्नाथ साहू, दुलारराम यादव, अनंद राम मुंडा, रेशम मुंडा, भेखराम चंद्राकर, लोकेश यादव, लखनलाल निर्मलकर, शिवलाल विश्वकर्मा, फिरतु साहू, युगल किशोर यादव, दौलत मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारा व प्रसादी का वितरण

**नर्रा।** क्षेत्र में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखी गई। हनुमान मंदिरों में विराजित पवन पुत्र हनुमान को भक्तों मे चमेली का तेल और बंदन का लेप लगाया गया और विधि विधान से पूजा अर्चना कर बूंदी लड्डू, श्रीफल, केले और राम भगवान का झंड़ा अर्पित किया। हनुमान जयंती को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में एक दिन पूर्व से ही तैयारी में जुटे रहे। वहीं मंदिर परिसर में पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर विधि-विधान से हवन पूजन कर महाआरती के बाद भोग भंडारा खिर पूड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। संध्या राम चरित्र मानसगान का आयोजन हुआ।



## शोभायात्रा में शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना संस्थापक अशवंत तुषार साहू, भाजपा नेता पवन साहू, पप्पू ठाकुर, शुभम बाग आदि शामिल हुए।



## हनुमान जन्मोत्सव पर नपाध्यक्ष ने श्रद्धालुओं को किया प्रसाद वितरण

**महासमुंद।** हनुमान जन्मोत्सव पर 2 अप्रैल को सिद्ध संकट मोचन हनुमान मंदिर कचहरी चौक में मंदिर समिति व भक्तों द्वारा भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना एवं भोग-प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने हनुमान की पूजा अर्चना कर नगर व क्षेत्र की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही आयोजित भोग भंडारे में श्रद्धालुओं को चावल सब्जी का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत पुजारी द्वारा विधि-विधान से हनुमान की पूजा व आरती के साथ हुई। इसके पश्चात दोपहर से देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

## मरार पटेल समाज नर्रा राज ने पत्रकारिता एवं समाज सेवा के लिए किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मरार पटेल समाज नर्रा राज के तत्वावधान में बुधवार को ग्राम नर्रा के समाजिक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह में इस क्षेत्र के निर्भीक हरिभूमि पत्रकार ललित पटेल को समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज के गौरव और पत्रकारिता जगत में अपनी सक्रिय पहचान रखने वाले पटेल को निस्वार्थ सेवा के लिए स्मृति चिन्ह अंगवस्त्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के संयोजक एवं जनपद सदस्य लोचन पटेल, अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने कहा कि पत्रकारिकता के माध्यम से समाजिक समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने और समाज को नई दिशा देने मे उनका योगदान सराहनीय है। इस दौरान समाज के लोग बड़ी संख्या मे मौजूद रहे।

## अप्रैल से जून तक खाद्यान्न का एकमुश्त भंडारण व वितरण

**महासमुंद।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अंतर्गत माह अप्रैल से जून 2026 तक चावल के भंडारण एवं एकमुश्त वितरण के लिए जिले में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में अप्रैल, मई एवं जून माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण किया जा रहा है। कलेक्टर विनय लंगेह ने खाद्यान्न भंडारण एवं समयबद्ध वितरण को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए प्रत्येक विकासखंड के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले के सभी विकासखंडों में तहसीलदार को सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायक खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक एवं नान प्रदाय केंद्र प्रभारी को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने प्रभार क्षेत्र की उचित मूल्य दुकानों में खाद्यान्न भंडारण की प्रतिदिन मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

# परिवर्तन पैनल को जिला दवा विक्रेता संघ का पूर्ण समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) की आगामी चुनाव को लेकर तैयारी जोरों पर है। परिवर्तन पैनल के बैनर तले पदाधिकारियों के लिए उम्मीदारों की घोषणा कर दी गई है। यह चुनाव 5 अप्रैल को दुर्ग स्थित अग्रोहा धाम महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट, बायपास रोड टोल नाका के पास आयोजित किया जाएगा।

गुरुवार को प्रत्याशियों ने महासमुंद, बागबाहरा में मतदाताओं से भेंट मुलाकात कर समर्थन मांगा। परिवर्तन पैनल की ओर से अध्यक्ष पद के लिए राकेश कुमार शर्मा (बंटी) को उम्मीदार बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष के लिए राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष के लिए पवन पालीवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी तरह सचिव पद के लिए दशरथ शर्मा, सहसचिव के लिए हरेंद्र सिंह व संगठन सचिव के लिए सुरेश शर्मा तथा पीआरओ पद के लिए श्रीकांत चतुर्वेदी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पैनल से जुड़े सदस्यों का कहना है कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन में पारदर्शिता, एकता और केमिस्ट साथियों के हितों की मजबूती से पैरवी करना है। परिवर्तन पैनल ने सभी केमिस्ट साथियों से समर्थन की अपील करते हुए भरोसा दिलाय है कि जीत के बाद संगठन को नई दिशा और ऊर्जा दी जाएगी। साथ ही चुनाव को लेकर प्रदेश भर के केमिस्ट साथियों में उत्साह का माहौल है। इस दौरान समर्शन देने वालों में जिला दवा विक्रेता संघ सचिव अरशी अनवर, शम्मी सलूजा, शैलू अग्रवाल, मनोज मालू, संजय जैन, प्रीतपाल बग्गा, राजेश पटेल, सुभाष पटेल, कीर्ति सुभाष साहू, अविनाश साहू, दिनेश देवांगन, दिनेश साहू, नागेंद्र भूषण नशीने, इमरान अहमद, एजाज नकवी, अंकित ढोक, जसमीत गुरुदत्ता सहित जिला दवा विक्रेता संघ महासमुंद ने परिवर्तन पैनल को अपना समर्थन दिया।

# किसान मजदूर संघ के ज्ञापन से जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों के कृषि ऋण नीति में हुआ सुधार : चंद्रनाहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



किसान मजदूर संघ के संयोजक ललित चंद्रनाहू ने कहा कि किसान मजदूर संघ छग द्वारा सचिव छग शासन सहकारिता विभाग मंत्रालय नया रायपुर एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग नया रायपुर को जुलाई 2019 में पत्र प्रेषित कर वर्तमान में कृषकों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरण की अधिकतम सीमा 5 लाख रुपए निर्धारित होने एवं कृषकों को स्वीकृत ऋण में 60 प्रतिशत नगद एवं 40 प्रतिशत सामग्री ऋण के रूप में ऋण प्रदाय किया जाने के संबंध में पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग नया रायपुर को नगद एवं सामग्री ऋण का अनुपात नगद 70 एवं सामग्री ऋण 30 प्रतिशत किए जाने के ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

ज्ञापन पर पंजीयक सहकारी संस्थाएं छग द्वारा नगद 70 एवं सामग्री ऋण 30 प्रतिशत किए जाने की अनुशंसा कर स्वीकृति के लिए सहकारिता विभाग के सचिव को प्रेषित किया गया। परंतु, पंजीयक के अनुशंसा को 16 जनवरी 2020 को सचिव छग शासन सहकारिता विभाग द्वारा कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग छग शासन को प्रेषित कर अभिमत प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। जबकि, कृषि ऋण में नगद एवं सामग्री ऋण के अनुपात में संशोधन सहकारिता विभाग का क्षेत्राधिकार था। सचिव सहकारिता विभाग को कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग को अभिमत के लिए प्रेषित किए जाने पर किसान मजदूर संघ के संयोजक द्वारा 10 मई 2024 को सचिव सहकारिता विभाग को आपत्ति पत्र प्रेषित कर प्रतिलिपि मुख्यमंत्री छग शासन को पृष्ठांकित किया गया। तत्पश्चात आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा खरीफ वर्ष 2026-27 में नगद 70 एवं सामग्री ऋण 30 प्रतिशत किए जाने का आदेश छग राज्य सहकारी बैंक मर्या. नया रायपुर एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर, जगदपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर को प्रेषित किया गया है। जिससे किसानों को नगद 70 प्रतिशत ऋण प्राप्त होने से कृषि कार्य आर्थिक कठिनाई कम होगी।

## झालखम्हररिया सोसाइटी में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**महासमुंद।** जिले के ग्राम झालखम्हररिया स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकाल हनुमान की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा कराई गई। पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जय श्रीराम एवं जय बजरंग बली के जयघोष से वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस पावन अवसर पर समिति द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आसपास के गांवों से भी लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और अधिक भव्य हो गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष श्यामकुमार साकरकर, प्रबंधक भोजराज साहू, लेखपाल दुवन कुमार चंद्राकर, लिपिक काशीराम यादव एवं युवराज साहू, विक्रेता नरेंद्र कुमार सेन, भेखराम साहू एवं टेकराम यादव, ऑपरेटर यशवंत चंद्राकर एवं राकेश साहू, भृत्य दिनेश निषाद, भूपेंद्र भार्गव (झालखम्हरिया), रामशरण साहू आदि मौजूद रहे।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर जैन समाज के युवाओं ने बांटे छाछ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर सकल जैन श्री संघ के तत्वावधान में समाज के युवा ग्रुप महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा नेहरू चौक में छाछ वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, समाज के वरिष्ठ डॉ भागचंद गोलछा, प्रदीप झाबक, बसंत लूनिया, जितेंद्र बैद, शांतिनाथ जैन मंदिर के सचिव सीए रितेश गोलछा, हेमंत झाबक, सुशील बोथरा, मनीष गोलछा, पीयूष चोपडा, प्रतीक चौरडिया, प्रांशु लूनिया, आयुष बैद, प्रितीश गोलछा, हर्ष गोलछा, रवि कोचर सहित समाज के बच्चे ईवा चोपड़ा, तिशा मालू ने भी इस वितरण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस आयोजन में मुख्य रूप से सौरभ मालू, श्रेयांश कोटडिया, तन्मय लूनिया, शुभम चोपड़ा, जिनेश मालू, यशराज लूनिया, हर्षित बोथरा एवं नमन चोपड़ा का सराहनीय योगदान रहा।

